01. अर्थशास्त्र व अर्थव्यवस्था (Economics and Economy)

➢ **अर्थव्यवस्था (Economy)**

☛ सीमित संसाधनों से अधिकतम उत्पादन को अर्थव्यवस्था कहते हैं। अर्थशास्त्र का जनक एडम स्मिथ को कहते हैं। उनकी पुस्तक Wealth of Nation 1776 में प्रकाशित हुई। उन्होंने कर का सिद्धांत दिया। भारतीय अर्थशास्त्र के जनक चाणक्य / कौटिल्य अथवा विष्णु गुप्त को कहते हैं एवं उन्होंने अर्थशास्त्र नाम की पुस्तक लिखी, जिनका प्रयोग प्रशासन हेतु किया जाता था। भारतीय आर्थिक नीति के जनक **M. Visves Varaya** को कहते हैं एवं उन्होंने **Planned Economy for India** नामक पुस्तक लिखी।

➢ **अर्थव्यवस्था का क्षेत्रप**

☛ अर्थव्यस्था में आय के माध्य को क्षेत्रप कहते हैं। इन्हें 3 भागों में बांटते हैं।



आर्थिक क्रियाओं के आधार पर

1. प्राथमिक क्षेत्र (Primary Sector)

☛ जब आय का स्रोत सीधे प्राकृतिक क्षेत्र से जुड़ा हो तो उसे प्राथमिक क्षेत्र कहते हैं एवं इसमें भूमि, उत्खनन तथा उससे संबंधित गतिविधियाँ शामिल होती है।

Ex :– कृषि, पशुपालन, मत्स्य, खनन।

☛ जो लोग इस क्षेत्र में कार्य करते हैं उन्हें लाल कॉलरधारी कहते हैं।

2. द्वितीयक क्षेत्र (Secondary sector)

☛ इसमें कारखानों को शामिल किया जाता है। इसमें निर्माण तथा विनिर्माण दोनों होता है एवं यह प्राथमिक क्षेत्र से कच्चा माल लेता है और अंतिम वस्तुओं (उपयोग हेतु) में परिवर्तित करता है।

Ex :– वस्तु, उद्योग, लौह एवं इस्पात उद्योग, विद्युत इत्यादि।

☛ जो लोग इस इस क्षेत्र में कार्य करते हैं उन्हें नीली कॉलरधारी कहते हैं।

3. तृतीयक क्षेत्र (Tertiary Sector)

☛ इसमें नौकरी, व्यापार, दुकान को शामिल करते हैं। इसे 'सेवा क्षेत्र' भी कहते हैं।

Ex :– परिवहन, Hospital, कोचिंग, नेता, खेल, Communication, Bank, शिक्षा, नौकरी ।

☛ जो लोग इस इस क्षेत्र में कार्य करते हैं उन्हें सफेदपोश श्रमिक कहते हैं।

Note :– सेक्टर में लोग बहुत कम लगे होते हैं। किन्तु आय बहुत अधिक होती है। जैसे-जैसे लोगों का विकास होता जाता है। वह प्राथमिक क्षेत्र को छोड़कर तृतीयक क्षेत्र में चले जाते हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था के वर्तमान समय (2022) में प्राथमिक क्षेत्र का योगदान मात्र 21.82%, द्वितीयक क्षेत्र का योगदान 24.23% तथा तृतीय सेक्टर का योगदान 53.09% है।

कार्य के आधार पर

1. संगठित क्षेत्र

☛ जिसमें नौकरी की शर्त, समय और वेतन तीनों ही निश्चित हो उसे 'संगठित क्षेत्र' कहते हैं।

Ex :– बड़े कम्पनी की नौकरी, सरकारी नौकरी।

☛ संगठित क्षेत्र में सार्वाधिक रोजगार रेलवे तथा सेना में दिया है।

2. असंगठित क्षेत्र

☛ इसमें नौकरी का समय वेतन तथा छुट्टी तीनों ही अनिश्चित रहता है। सबसे बड़ा असंगठित क्षेत्र कपड़ा उद्योग है।

Ex :– प्राईवेट क्षेत्र, कृषि, दुकान।

स्वामित्व के आधार पर

1. निजी क्षेत्र (Private Sector)

☛ इसके सभी क्षेत्र पर निजी व्यक्ति का हाथ होता है। इसे Private (Pvt.) कहते हैं। इसका मुख्य उद्देश्य केवल लाभ कमाना है। पूंजी के आधार पर भारत की सबसे बड़ी Private कम्पनी Reliance जबकि कर की क्षमता के आधार पर सबसे बड़ी कम्पनी TATA है।

2. सार्वजनिक क्षेत्र (Public Sector)

☛ इस पर पूरी तरह सरकार का अधिकार होता है। इसे Public sector भी कहते हैं यह विकास तथा समाज कल्याण के लिए होता है। सबसे बड़ी Public क्षेत्र की कम्पनी रेलवे तथा महारत्न है।

3. संयुक्त क्षेत्र (Joint Sector)

☛ इसमें निजी तथा सार्वजनिक दोनों की भागीदारी होती है। अत: इसे public private patnership कहते हैं। वर्तमान में भारत में सबसे तेजी से ppp का विकास हो रहा है। **उदाहरण–** मेट्रो

4. सहकारी क्षेत्र (Co-operative Sector)

☛ जब किसी कम्पनी को दिशा निर्देश सरकार देती है उसे co-operative कहते हैं।

Ex :– Co-operative Bank co-operative का संचालन कई लोगों के समुह द्वारा होता है।

उत्पादन के चार कारक

1. पूँजी

☛ उत्पादन में लगाया गया धन पूँजी कहलाता है यह ऋण के रूप में भी हो सकता है।

2. भूमि

☛ जिस स्थान पर उत्पादन किया जाता है उसे भूमि कहते हैं। यह किराया के स्थान पर भी हो सकता है।

3. श्रमिक

☛ वस्तु के उत्पादन के लिए काम कर रहे मजदूरों को श्रमिक कहते हैं।

4. उद्यमी

☛ कंपनी जिस व्यक्ति की होती है उसे उद्यमी कहते हैं।

संसाधनों के स्वामित्व या उत्पादन के साधन या सरकार की भूमिका के आधार पर

पूंजीवादी	समाजवादी	मिश्रित
❖ अहस्तक्षेप (बाजार शक्तियाँ-मांग व आपूत्ति) व निजी स्वामित्व	❖ सरकारी हस्तक्षेप व स्वामितव	❖ सरकार व निजी क्षेत्र की सहभागिता
❖ अमेरिका, कनाडा आदि।	❖ क्यूबा, उत्तर कोरिया आदि	❖ भारत, स्वीडन, फ्रांस आदि।
	❖ इसे राज्य आधारित अर्थव्यवस्था भी कहा जाता है।	

पूंजीवाद अर्थव्यवस्था (Capitalist Economy)

प्रस्तुतकर्ता (Propounded)–स्कॉटलैंड के अर्थशास्त्री एडम स्मिथ।

पुस्तक	अर्थव्यवस्था के जनक	अहस्तक्षेप का सिद्धांत
[द वेल्थ ऑफ नेशन (1776)]		

☛ इन्होंने अपनी पुस्तक में अर्थशास्त्र को 'धन का विज्ञान' कहा है।

➢ **पूंजीवादी अर्थव्यवस्था**

☛ जब उत्पादन के सभी 4 कारकों पर निजी व्यक्ति का अधिकार हो उसे पूंजीवादी अर्थव्यवस्था कहते हैं। जापान, U.S.A., सिंगापुर, चीन, पूंजी, अर्थव्यवस्था में विकास तेजी

विशेषता– प्रतिस्पर्धा।
उद्देश्य– अधिकतम लाभ।
आर्थिक स्वतंत्रता।
उपभोक्ता के पास विकल्प।
आर्थिक समानता।

से होता है। इसमें गरीब को ध्यान में न रखकर बाजार को ध्यान में रखा जाता है।

समाजवादी अर्थव्यवस्था (Socialist Economy)

प्रस्तुतकर्ता (Propounded)– जर्मन दार्शनिक कार्ल मार्क्स (1818-1883)

पुस्तक – दास कैपिटल (1867)

प्रयोग – सोवियत संघ (1917) एवं चीन (1949)

विशेषता–
उद्देश्य– जनकल्याण।
बाजार प्रतिस्पर्धा का अभाव।
केन्द्रीय आर्थिक नियोजन।
बाजार कीमत के स्थान पर प्रशासकीय कीमत।
आर्थिक समानता।

➢ **समाजवादी अर्थव्यवस्था**

☞ जब उत्पादन के चारों कारकों पर सरकार का अधिकार हो तो उसे समाजवादी अर्थव्यवस्था कहते हैं। इस अर्थव्यवस्था में उत्पादन के साधनों पर सरकार का स्वामित्व होता है। सरकार अर्थव्यवस्था या आर्थिक क्रियाएँ (उत्पादन, उपभोग, वितरण व विनिमय) को संचालित करती है।

उदाहरण– सोवियत संघ, वियतनाम, क्यूबा, उत्तरी कोरिया।

मिश्रित अर्थव्यवस्था (Mixed Economy)

प्रस्तुतकर्ता (Propounded)– ब्रिटिश अर्थशास्त्री जॉन मिनार्ड कींस।

पुस्तक – द जनरल थ्योरी ऑफ एंप्लॉयमेंट, इंटरेस्ट एंड मनी।

कारण – 1929 की वैश्विक महामंदी ।

➢ **मिश्रित अर्थव्यवस्था**

☞ जब उत्पादन के चारों कारकों पर निजी तथा सार्वजनिक दोनों का अधिकार हो उसे मिश्रित अर्थव्यवस्था कहते हैं। यह पूँजीवादी तथा राज्य आधारित अर्थव्यवस्था का मिश्रित रूप है।

विशेषता–
उद्देश्य– जनकल्याण।
कल्याणकारी राज्य।
आर्थिक नियोजन।
सामाजिक न्याय।

Ex :– भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका।

➢ **द्वैध अर्थव्यवस्था (Dual Economy)**

☞ वैसी अर्थव्यवस्था जिसमें परम्परागत तथा आधुनिक दोनों विधियों का प्रयोग हो उसे द्वैध अर्थव्यवस्था कहते हैं।

Ex :– India.

➢ **समांतर अर्थव्यवस्था (Parallel Economy)**

☞ कालाधन अत्यधिक बढ़ जाने को समांतर अर्थव्यस्था कहते हैं। इसमें मौद्रिक नीतियां कम प्रभावी होती है।

➢ **काला धन (Black Money)**

☞ वैसा धन जिस पर Tax नहीं दिया जाता है उसे कालाधन कहते हैं। कालाधन की जानकारी सरकार को नहीं रहती है।

❒❒❒

02. सकल धरेलू उत्पाद (GDP) (Gross Domestic Products)

➢ **सकल घरेलू उत्पाद [GDP (Gross Domestic Products)]**

☛ एक वर्ष में एक निश्चित सीमा के अंदर उत्पादित समस्त वस्तु एवं सेवा के मूल्य को GDP कहते हैं। सीमा के बाहर उत्पादित वस्तु को G.D.P. में शामिल नहीं किया जाता है।

जैसे– tata = 800 Man (विदेशों में भारतीय) = 150
L. G = 300 GDP = 1100

➢ **सकल राष्ट्रीय उत्पाद [GNP (Gross National Products)]**

☛ यह पैसा राष्ट्र के काम का होता है। इसमें केवल भारतीय आय को शामिल करते हैं।

माना भारतीय द्वारा विदेश में अर्जित आय *x* है, तथा विदेशी द्वारा भारत में अर्जित आय *y* है, तो–

$\boxed{GNP = GDP\ (x + y)}$ Ram = 150

tata = 800
L.G = 300
GNP = 1100 + (150 – 300) = 950

Note : $x - y$ को शुद्ध साधन आय कहते हैं।

Case I : यदि $x = y$ हो (संतुलित अर्थव्यवस्था) GNP = GDP

Case II : यदि $x > y$ हो (लाभ) GNP > GDP

Case III : यदि $x < y$ (हानि) GNP < GDP

Case IV : यदि $x = y = 0$ (बन्द अर्थव्यवस्था) GNP = GDP

Q. GDP तथा GNP का अंतर क्या कहलाता है।

Ans. GDP – GNP
GDP – $(x + y)$
$(x - y)$ = शुद्ध साधन आय

➢ **शुद्ध राष्ट्रीय उत्पादन [NNP (Net National Products)]**

☛ यह देश का सबसे शुद्ध पैसा होता है। जब GNP में से मशीनों की टुट-फुट या घिसावट पर आय खर्च को घटा देते हैं, तो उससे NNP मिलता है।

$\boxed{NNP = GNP - D}$ जहाँ D = मूल्यह्रास

tata = 800 Ram = 150
L.G = 300 D = 50
GDP = 1100
GNP = 950
NNP = 950 – D = 950 – 50 = 900

Q. GNP तथा NNP का अंतर क्या होता है?

Ans. GNP – NNP
GNP – (GNP – D)
GNP – GNP + D
D = मूल्यह्रास

☛ किसी देश के जीवन स्तर को दर्शाने का सबसे अच्छा माध्य प्रति व्यक्ति आय होता है।

☛ किसी देश के प्रगति को दर्शाने का सबसे अच्छा माध्यम GDP होता है।

☛ मूल्य के आधार पर भारत की GDP छठे स्थान पर है। प्रथम स्थान पर अमेरिका।

☛ किसी वस्तु का मूल्य उसके उत्पादन लागत (factor cost) पर निर्भर करती है। कोई भी वस्तु अपने Factor Cost पर बनी रहती है।

Price = Factor Cost (F.C.)
MRP = FC (Factor Cost) + TAX

$\boxed{\text{GDP at Market Price } (GDP_{(MP)})}$

☛ GDP हमेशा Market Price पर ही निकलता है।

➢ **$GDP_{(MP)}$**

☛ जो Price हमे मिलता है उसमें सरकार द्वारा Tax जोड़कर महंगा कर दिया जाता है या सब्सिडी जोड़कर सस्ता कर दिया जाता है।

$GDP_{(MP)} = GDP_{(FC)} + Tax - Subsidies$

$\boxed{\text{GDP at Factor Cost } (GDP_{(FC)})}$

☛ वास्तविक में GDP की गणना Factor Cost पर ही होनी चाहिए।

$GDP_{(FC)} = GDP_{(MP)} - Tax + Subsidies$

हम जो GDP निकालते हैं Actual में वह Nominal GDP न होकर Real GDP होता है जो किसी न किसी Base Year पर निर्भर करता है।

➢ **Nominal GDP**

☛ इसमें उत्पादित वस्तु का चालू वर्ष के मूल्य पर निकाला जाता है।

☛ जब एक वर्ष में उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं के मूल्यों की गणना बाजार मूल्यों (चालू कीमतों) पर की जाती है तो उसे Nominal GDP कहते हैं।

☛ Nominal GDP हमेशा अधिक होती है, क्योंकि इसमें मुद्रास्फीति भी जुड़ी होती है।

☛ Nominal GDP में Production Value नहीं देख पाते हैं।

☛ Nominal GDP उस साल के Price पर निकाला जाता है जिस साल की GDP को निकाल रहे हैं।

Pencil	Per Pencil Price	Production	Nominal GDP
2011	5	20	5 × 20 = 100
2012	6	19	6 × 19 = 114
2020	7	18	7 × 18 = 126
2021	10	15	10 × 15 = 150
2022	15	14	15 × 14 = 210

Real GDP

- जब एक वर्ष में उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं के मूल्यों की गणना आधार वर्ष के मूल्य (स्थिर कीमतों) पर की जाती है तो उसे Real GDP कहते हैं।
- इसके आंकड़े विश्वसनीय माने जाते हैं, क्योंकि इससे अर्थव्यवस्था की सही एवं अधिक वास्तविक स्थिति स्पष्ट होती है।
- जब हम Real GDP को निकालते हैं तो Price हम आधार वर्ष का लेते हैं और Production चालू वर्ष का लेते हैं।
- Base Year = 2011

$$\text{GDP Deflector} = \frac{\text{Nominal GDP}}{\text{Real GDP}} \times 100$$

Pencil	Per Pencil Price	Production	Nominal GDP	Real GDP
2011	5	20	5 × 20 = 100	5 × 20 = 100
2012	6	19	6 × 19 = 114	5 × 19 = 95
2020	7	18	7 × 18 = 126	5 × 18 = 90
2021	10	15	10 × 15 = 150	5 × 15 = 75
2022	15	14	15 × 14 = 210	5 × 14 = 70
			GDP = ↑	**GDP = ↓**

क्रय शक्ति सामर्थ (Purchasing Power Parity)

- यह अंतराष्ट्रीय विनिमय का एक सिद्धांत है।
- यह देशों के बीच वस्तु या सेवा की कीमत में मौजूद अंतर है।
- किसी देश की अर्थव्यवस्था के आकार का पता लगाया जा सकता है।
- PPP के माध्यम से यह पता लगाया जाता है कि दो देशों के बीच मुद्रा की क्रय शक्ति में कितना अंतर या फिर कितना समता मौजूद है।
- PPP द्वारा मुद्रा विनिमय दर को तय किया जाता है।
- PPP के आधार पर भारत की अर्थव्यवस्था तीसरे स्थान पर है। प्रथम तथा दूसरे स्थान पर चीन अमेरिका है।
- भारत का PPP और अमेरिका के PPP में 17 गुना का अंतर है। India = US × 17

$$\text{Purchasing Power Parity Formula} = \frac{\text{Cost of good} \times \text{in currency 1}}{\text{Cost of good} \times \text{in currency 2}}$$

❐❐❐

03. राष्ट्रीय आय (National income)

- किसी देश के अंदर सभी घटक सरकारी तथा निजी से मिलने वाली कुल आय का योग राष्ट्रीय आय कहलाता है। राष्ट्रीय आय बाजार स्तर पर NNP होता है।

राष्ट्रीय आय = NNP – अप्रत्यक्ष कर

- भारत में राष्ट्रीय आय की गणना केन्द्रीय सांख्यिकी संगठन करती है। इसकी स्थापना 1951 में हुई। 29 जून को सांख्यिकी दिवस मनाया जाता है। जो P.C महालनोविस का जन्म दिवस है।
- भारत में प्रति व्यक्ति आय की गणना 1968 में दादाभाई नौरोजी ने किया। उन्होंने इस समय भारत का प्रतिव्यक्ति आय ₹ 20 निकाला था, जो सालाना था। इन्होंने अपनी पुस्तक Poverty and Unbritish Rule in India में लिखी है।
- वर्तमान में भारत का प्रतिव्यक्ति आय 1 लाख 72 हजार सालाना है। किसी देश के प्रगति को दिखाने का सबसे अच्छा माध्यम प्रति व्यक्ति आय होता है।

$$\text{प्रतिव्यक्ति आय} = \frac{\text{राष्ट्रीय आय}}{\text{जनसंख्या}}$$

➢ **हिन्दू विकास दर**

- हिन्दू विकास दर का संबंध राष्ट्रीय आय से है। राष्ट्रीय आय की गणना स्थिर कीमतों पर की जाती है।

➢ **चालू कीमत**

- चल रहे वित्तीय वर्ष को चालु कीमत कहते हैं। इस पर राष्ट्रीय आय सटीक नहीं निकलता है।

➢ **स्थिर कीमत**

- बीते हुए वर्ष पर निकाला गया राष्ट्रीय आय स्थिर कीमत कहलाता है। इसके लिए किसी वर्ष को हम आधार मान लेते हैं। भारत का आधार वर्ष 2017–18 है।
- राष्ट्रीय आय स्थिर कीमत पर NNP को दर्शाता है।

➢ **राष्ट्रीय आय की गणना की विधियाँ हैं-**

1. उत्पादन विधि

- इस विधि में उत्पादित समस्त वस्तु एवं सेवाओं के मूल्य को जोड़ा जाता है। यह GDP को दर्शाता है। इसमें दोहरे गणना की समस्या उत्पन्न हो जाती है। जिस कारण अंतिम वस्तु के मूल्य को जोड़ा जाता है।

उत्पादन → $NNP_{(fc)} = NNP_{(mp)}$ – Tax + Subsidy

2. आय गणना विधि

- इस विधि द्वारा सभी क्षेत्रों के आय को जोड़ा जाता है। चाहे वह निजी क्षेत्र हो या सार्वजनिक क्षेत्र। भारत में राष्ट्रीय आय की गणना उत्पादन तथा आय दोनों विधि से किया जाता है।

$$\boxed{NI = R + I + W + P}$$

आय विधि → भूमि = किराया (R)
पूँजी = ब्याज (I)
श्रम = मजदूरी (W)
उद्यम = लाभ (P)

3. व्यय विधि (Expenditure Method)

N.I. = C + I + G + (x – m)
C = उपभोग
I = निवेश
G = सरकारी व्यय
x = Export
m = Import
(x – m) = शुद्ध निर्यात (Net Export)

4. उपभोग विधि

- इस विधि में उपयोग तथा बचत को जोड़ा जाता है। इसका प्रयोग विकसित देशों में किया जाता है। बचत विधि तथा मौद्रिक विधि राष्ट्रीय आय की गणना की विधि नहीं है।

5. सकल मूल्यवर्धन विधि

	गेहूँ	Value Added +500 →	आटा	Value Added +500 →	बिस्कुट
	100 kg		100 kg		1000 Packet
	20 Rs.		25 Rs.		5 Rs.
Value	2,000		2,500		5,000

N.I. = 2,000 + 2500 + 5000 = 9500 Rs. ✗
N.I. = Primary Value + Value added + value Add
= 2000 + 500 + 2500 = 5000 ✓

➢ **मौद्रिक आय**

- किसी श्रम के बदले मिले धन को मौद्रिक आय कहते हैं।

➢ **प्रयोज्य आय (Dibosable income)**

- मौद्रिक आय में से tax घटाने के बाद बचे धन को प्रयोज्य आय कहते हैं। यह पूरी तरह White money होता है।

➢ **वास्तविक आय (Real income)**

- प्रयोज्य आय में से देनदारी तथा ऋणभार को हटा देने पर बचा हुआ धन वास्तविक आय कहलाता है। महंगाई बढ़ने पर वास्तविक आय घट जाता है।

Q. नितिश ने अनुराधा से ₹ 4000 कर्ज लिये। यदि नितिश की आय ₹ 1 लाख है तथा नितिश पर 30% tax है। इसके सभी आय की गणना किजिए।

Ans. मौद्रिक आय = 1 लाख
प्रयोज्य आय = 1 लाख × 30% = 70,000
वास्तविक आय = 70,000 – 4000 = 66,000 Ans.

04. गरीबी (Poverty)

☛ गरीबी उन वस्तुओं की पर्याप्त आपूर्ति का अभाव है जो व्यक्ति तथा उसके परिवार के स्वास्थ्य और कुशलता को बनाये रखने में आवश्यक है।

गरीबी में पाँच मूलभूत चीजों में से एक या एक से अधिक की कमी से हो जाती है–

(i) भोजन
(ii) वस्त्र
(iii) आवास
(iv) शिक्षा
(v) चिकित्सा।

➢ **वर्ल्ड डेवलपमेंट रिपोर्ट के अनुसार**

☛ गरीबी निम्नतम जीवन-यापन स्तर करने की असमर्थता है, यानी जब निम्नतम जीवन-यापन स्तर भी प्राप्त नहीं किया जा सके।

➢ **विश्व बैंक के अनुसार**

☛ वह व्यक्ति जिसकी प्रतिदिन की आय 2 अमेरिकी डॉलर से कम है, वह गरीब है।

➢ **वी.एम. और एन. रथ फार्मूला (1971)**

☛ ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में प्रतिदिन 2400 कैलोरी प्राप्त करने के लिए आवश्यक धनराशि।

➢ **सुरेश तेंदुलकर समिति (2009)**

☛ इसमें कैलोरी के स्थान पर प्रति व्यक्ति मासिक उपभोग व्यय को आधार बनाया गया।

☛ शहरी क्षेत्र में 33 रुपये प्रति दिन और ग्रामीण क्षेत्र के लिये 27 रुपये प्रति दिन से कम खर्च करने वाले लोग गरीब हैं।

➢ **सी. रंगराजन समिति (2012)**

☛ शहरी क्षेत्र में 47 रुपये प्रति दिन और ग्रामीण क्षेत्र के लिये 32 रुपये प्रति दिन से कम खर्च करने वाले लोग गरीब हैं।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय [National Statistical Office (NSO)]

☛ 2019 में NSSO और CSO के विलय से राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (National Statistical Office- NSO) का गठन हुआ। 2019 से पहले भारत में गरीबी का अनुमान NSSO द्वारा किया जाता था। जिसकी स्थापना 1950 में हुआ था, जो केन्द्रीय सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अधीन था।

केन्द्रीय सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय
↓
राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO)
↓
नीति आयोग

Data Collection Methods



गरीबी के प्रकार

निरपेक्ष गरीबी (Absolute Poverty)
निरपेक्ष गरीबी से अर्थ उस न्यूनतम से है जिसकी एक परिवार के लिए आधारभूत न्यूनतम आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु आवश्यकता होती है तथा जिसे वह परिवार जुटा पाने में असमर्थ होता है।
भारत में गरीबी मापन में इसी विधि का प्रयोग किया जाता है।

सापेक्ष गरीबी (Relative Poverty)
आय की असमानताओं के आधार पर परिभाषित, इस संबंध में विभिन्न वर्गों या देशों के निर्वाह स्तर पर या प्रति व्यक्ति आय की तुलना करके गरीबी का पता लगाया जाता है।

सापेक्ष गरीबी मापन की विधियाँ

- लॉरेज वक्र विधि
- गिनी गुणांक

लॉरेंज वक्र विधि

- 1905 में मैक्स ओ. लॉरेंज ने विकसित किया था।
- इस विधि द्वारा किसी देश के लोगों के बीच आय की विषमता को ज्ञात करते हैं।
- इस वक्र का प्रत्येक बिन्दु उन व्यक्तियों को प्रदर्शित करता है जो एक निश्चित आय के स्तर के नीचे जीवन व्यतीत कर रहे होते हैं।



गिनी गुणांक

- 1912 में इटैलियन सांख्यिकीविद् कोराडो गिनी द्वारा विकसित किया था।
- यह आय में वितरण की विषमता को मापने की सबसे प्रचलित विधि है।
- आय के प्रत्येक युग्म के बीच आय अंतर की माप करता है।

$$\text{गिनी गुणांक} = \frac{\text{छायांकित क्षेत्रफल}}{\text{समता रेखा के नीचे का सम्पूर्ण क्षेत्रफल}}$$





☛ भारत में योजना आयोग द्वारा बनाए गए गरीबी मापन हेतु प्रमुख समितियाँ-

समितियां	वर्ष
डॉ. वाई.के. अलघ समिति	1977
लकड़ावाला समिति	1989
सुरेश तेंदुलकर समिति	2005
सी.रंगराजन समिति	2012

बेरोजगारी (Unemployment)

☛ बेरोजगारी वह आर्थिक स्थिति है जिसमें व्यक्ति को समय पर उसके योग्यता अनुसार उचित मूल्य पर रोजगार नहीं मिलता है। बेरोजगारी के कई स्वरूप होते हैं। इससे संबंधित आंकड़े NSSO द्वारा जारी किए जाते हैं।

☛ बेरोजगारी को दर्शाने के लिए फिलिप्स वक्र का प्रयोग किया जाता है।

➢ **संरचनात्मक बेरोजगारी (Structural Unemployment)**

☛ जब मांग में परिवर्तन हो और मांग में संरचनात्मक बेरोजगारी की कमी हो जाए तो इससे उत्पन्न बेरोजगारी को संरचनात्मक बेरोजगारी कहते हैं। यह दीर्घकालीन होता है। अस्फिति (धन की कमी) के कारण यह संचालक या ढ़ाचागत बेरोजगारी उत्पन्न करती है। भारत में सबसे ज्यादा संरचनात्मक बेरोजगारी पाई जाती है।

➢ **चक्रीय बेरोजगारी (Cyclical Unemployment)**

☛ जब मांग पुरी तरह समाप्त हो जाए अर्थात समग्र मांग की अभाव में फैक्ट्री बढ़ जाए तो उससे जुड़े सभी लोग बेरोजगार होते हैं।

☛ चक्रीय बेरोजगारी मुख्यत: व्यापार चक्र से संबंधित होती है तथा यह अस्थायी प्रकृति की होती है।

Ex :- NOKIA/FACTORY → परिवहन → DEALER
Distributer → Wholesaller → Retailer → उपभोक्ता

➢ **घर्षणात्मक बेरोजगारी (Frictional Unemployment)**

☛ जब तकनिकी विकास होता है तो पुराने तकनिक के लोग तब तक के लिए बेरोजगार हो जाते हैं। जब तक कि वो नई तकनिक सिख नहीं जाते हैं। अर्थात् नई नौकरी को खोजने के दौरान हुई बेरोजगारी घर्षणात्मक होती है। यह अल्पकालीन होती है। यह भारत के शहरी क्षेत्र में देखी जाती है।

➢ **छिपी बेरोजगारी/अदृश्य/प्रच्छन्द (Disguised Unemployment)**

☛ वह बेरोजगारी जिसमें मजदूर काम पर लगा हुआ तो दिखता है किंतु उसकी उत्पादकता (सिमांत उत्पादकता) शून्य होती है। अर्थात् उसे नौकरी से हटा दिया जाए तो उत्पादन में कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। कृषि क्षेत्र में यही बेरोजगारी देखी जाती है।

➢ **मौसमी बेरोजगारी (Seasonal Unemployment)**

☛ वैसी बेरोजगारी जो किसी खास मौसम में आती है मौसमी बेरोजगारी कहलाती है। भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में यह बेरोजगारी सर्वाधिक पाई जाती है।

Ex :- फसल कटाई के बाद किसान ठंडी में जुस का कार्य।

➢ **शिक्षित बेरोजगारी (Educational Unemployment)**

☛ जब किसी व्यक्ति को उसके योग्यता के आधार पर रोजगार नहीं मिलता है, तो उसे शिक्षित बेरोजगारी कहते हैं। इसमें मजदूर अपनी कुल क्षमता से कार्य नहीं करता है।

Note :- ओकून का नियम (Okun's Law)- यह नियम किसी देश की विकास दर और बेरोजगारी दर के बीच संबंध को बताता है। यह दोनों में विपरीत संबंध पाया जाता है।

❑❑❑

05. आर्थिक नियोजन (Economic Planning)

राष्ट्रीय नियोजन (National Planning)

- संसाधनों के उचित उपयोग के लिए सरकार नियोजन (प्लानिंग) करती है। भारत में नियोजन का इतिहास योजना आयोग से भी पुराना है।
- भारत में सर्वप्रथम 1934 ई. में एम. विश्वेश्वरैया की पुस्तक Planned Economy of India में योजना की संकल्पना प्रस्तुत की गई थी।
- यह योजना 10 वर्षीय थी। जिसका मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय आय को दोगुना करना तथा औद्योगिक उत्पादन में वृद्धि करना था।
- इसके पश्चात् 1938 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के हरिपुरा सम्मेलन में पं. जवाहरलाल नेहरू की अध्यक्षता में एक राष्ट्रीय आयोजन समिति का गठन किया गया। इसे 'कांग्रेस योजना' भी कहा जाता है।
- वर्ष 1944-45 में भारत के आठ प्रमुख उद्योगपतियों द्वारा भारत के आर्थिक विकास हेतु एक प्लान बनाया गया जिसे 'बांबे प्लान' कहा गया।
- वर्ष 1944 में श्रीमन् नारायण अग्रवाल ने गांधीवादी विचारधारा के रूप में गांधीवादी योजना प्रस्तुत किया। जिसमें कृषि क्षेत्र एवं लघु, कुटीर औद्योगिक विकास पर बल दिया।
- वर्ष 1945 में एम.एन. राय द्वारा जन योजना को प्रस्तुत किया। जिसमें लोगों की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति पर बल दिया।
- वर्ष 1950 में जयप्रकाश नारायण द्वारा सर्वोदय प्लान भी तैयार किया गया।
- के.सी. नियोगी ने सोवियत संघ से नियोजन की व्यवस्था ली।
- इस नियोजन को इन्होंने समवर्ती सूची में रख दिया।
- और इन्हीं के सिफारिश पर 15 मार्च 1950 को योजना आयोग का गठन कर दिया गया।

योजना आयोग (Planning Commission)

- नियोजन के लिए 15 March, 1950 को योजना आयोग का गठन किया गया जो रूस के संविधान से लिया गया। योजना आयोग को 1 Jan, 2015 को निति (National Instustation for transtorming India-NITI) आयोग कर दिया गया।

➢ **मुख्य कार्य–** पंचवर्षीय योजना बनाना।

- अभी तक 12 पंचवर्षीय योजना बन चुकी है।
- प्रधानमंत्री योजना आयोग के अध्यक्ष होते थे।
- योजना आयोग के प्रथम अध्यक्ष जवाहरलाल नेहरू एवं उपाध्यक्ष गुलजारीलाल नंदा थे।

राष्ट्रीय विकास परिषद् (National Development Council)

- इसकी स्थापना 6 August, 1952 को हुई। प्रधानमंत्री इसके अध्यक्ष होते हैं एवं केंद्रीय मंत्री परिषद् के सभी सदस्य, सभी राज्यों के मुख्यमंत्री, केंद्रशासित प्रदेश के प्रशासक तथा योजना आयोग के सभी सदस्य इसके पदेन सदस्य रहते हैं। यह पंचवर्षीय योजना का अनुमोदन करता है।

Remark :– योजना आयोग तथा राष्ट्रीय विकास परिषद दोनों की चर्चा संविधान में नहीं है, अत: यह गैर संविधानिक निकाय है। इन दोनों की रचना संविधान के बाद हुई। अत: इसे संविधानोत्तर निकाय कहते हैं।

Note :– योजना आयोग को सुपर कैबिनेट कहते हैं।

आर्थिक नियोजन का प्रमुख उद्देश्य–

1. आर्थिक विकास को बढ़ावा देना।
2. सामाजिक न्याय।
3. पूर्ण रोजगार की प्राप्ति
4. गरीबी निवारण एवं रोजगर अवसरों का सृजन।
5. आत्मनिर्भरता की प्राप्ति।
6. निवेश एवं पूंजी निर्माण।
7. समान आय वितरण एवं क्षेत्रीय विषमता में कमी।
8. आधुनिकीकरण
9. मानव संसाधन का विकास
10. निजीकरण उदारीकरण तथा वैश्वीकरण में गरीबों की सुरक्षा।
11. तीव्र आर्थिक विकास के साथ समावेशी विकास।
12. धारणीय विकास।

नीति आयोग

- राष्ट्रीय भारत रूपांतरण संस्थान (नीति आयोग) की स्थापना एक सरकारी संकल्प द्वारा 1 जनवरी, 2015 को की गई।
- नीति आयोग भारत सरकार का थींक टैंक के रूप में कार्य करता है। यह केन्द्र एवं राज्य सरकारों को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय महत्व के महत्वपूर्ण मुद्दों पर राजनीतिक एवं तकनीकी सलाह देता है।

➢ **नीति आयोग के प्रमुख उद्देश्य**

- आर्थिक प्रगति से वंचित रहे लोगों पर विशेष ध्यान देना।
- दीर्घकालिक नीतियों तथा कार्यक्रमों का रूपरेखा तैयार करना।
- राष्ट्रीय उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय विकास हेतु रणनीतियों को विकसित करना।
- सहयोगपूर्ण संघवाद को बढ़ावा देना।

नीति आयोग की संरचना

- **अध्यक्ष–** भारत के पदेन प्रधानमंत्री (नरेन्द्र मोदी)
- **उपाध्यक्ष–** प्रधानमंत्री द्वारा नियुक्त। (सुमन कुमार बेरी)
- **कार्यकारी परिषद–** सभी राज्यों के मुख्यमंत्री तथा संघशासित क्षेत्रों के उपराज्यपाल।
- **पूर्णकालीन सदस्य–** डॉ. अरविंद बिरमानी, वी.के सारस्वत, रमेश चंद्र तथा वी.के पॉल।
- **पदेन सदस्य–** राजनाथ सिंह (रक्षा मंत्री), अमित शाह (गृह मंत्री), निर्मला सीतारमण (वित्त मंत्री)।
- **मुख्य कार्यकारी अधिकारी–** बी.वी. आर सुब्रमण्यम्।



योजना अयोग एवं नीति आयोग में अंतर

योजना आयोग	नीति आयोग
यह एक पुरानी संस्था थी।	यह नई एवं आधुनिक संस्था है
गैर- सांविधिक और असंवैधानिक	गैर- सांविधिक और असंवैधानिक
सचिव	CEO
मुख्यमंत्री और लेफ्टिनेंट गवर्नर (LG) नहीं होते हैं।	मुख्यमंत्री और लेफ्टिनेंट गवर्नर (LG) होते है।
यह मंत्रालयों एवं राज्य सरकारी कोषों की वितरण करती थी।	कोषों का वितरण नहीं करती है।
Deputy chairman	Vice-chaiman
Top-down approach	Bottom-up approach. (सहकारिता संघीय)

प्रथम पंचवर्षीय योजना (1951–1956)

- यह हेराड डोमर मॉडल पर आधारित थी। इस योजना में कृषि उत्पादन अपने लक्ष्य से दोगुना बढ़ गया।
- प्रथम योजना में ही भाखड़ा नांगल, दामोदर घाटी एवं हीराकुंड जैसे बहुउद्देशीय नदी परियोजनाएं चालू की गई।

अन्य प्रमुख उद्देश्य–

- कृषि क्षेत्र के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता।
- देश के विभाजन तथा युद्ध से उत्पन्न असंतुलन को दूर करना।
- न्यूनतम समय में खाद्यान्न में आत्मनिर्भरता की प्राप्ति।
- लघु एवं कुटीर उद्योगों का पुनरुद्धार तथा औद्योगिकरण हेतु वांछित पृष्ठभूमि तैयार करना।

Note:– योजना के अंतिम दो वर्षों में अच्छे उत्पादन के कारण यह योजना सफल रही ।

द्वितीय पंचवर्षीय योजना (1956–1961)

- यह P.C. महानलोबिस के मॉडल पर आधारित थी। इसका मुख्य उद्देश्य भारी उद्योग को स्थापित करना था।

Note :– भारी उद्योगों की स्थापना के लिए विदेशों से अत्यधिक ऋण लेना पड़ा, जिस कारण इस योजना को असफल माना जाता है।

- भारत के बड़े-बड़े स्टील प्लांट इसी योजना में लगे हैं।
- इस योजना में राउरकेला (उड़ीसा) जर्मनी के सहयोग से, भिलाई (छत्तीसगढ़) सोवियत संघ के सहयोग से तथा दुर्गापुर (पं. बंगाल) U.K. के सहयोग से इस्पात संयंत्रों की स्थापना हुई।

अन्य प्रमुख उद्देश्य–

- आधारभूत और भारी उद्योगों पर विशेष जोर देकर तीव्र औद्योगिकरण करना।
- रोजगार अवसरों में बड़े पैमाने पर प्रसार।
- आय और धन की असमानता में कमी करना और आर्थिक शक्ति का अधिक समान वितरण करना।
- झारखण्ड का बोकारो स्टील प्लांट USSR के सहयोग से तीसरी पंचवर्षीय योजना में लगा है।

तीसरी पंचवर्षीय योजना (1961–1966)

- यह योजना भारतीय अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भर तथा स्वत: स्फूर्त बनाने के लक्ष्य के साथ प्रारंभ हुई।
- इस योजना का उद्देश्य कृषि तथा उद्योग दोनों को बढ़ाना था।
- खाद्यान्नों के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करना तथा उद्योगों और निर्यात की जरूरतों को पूरा करने के लिए कृषि उत्पादन को बढ़ाना।
- बुनियादी उद्योगों जैसे इस्पात, रसायन, ईंधन और बिजली के क्षेत्र का विस्तार तथा मशीन निर्माण की क्षमता स्थापित करना ताकि भविष्य में 10 साल के भीतर अपने ही संसाधनों से औद्योगीकरण की जरूरतों को पूरा किया जा सके।
- देश की मानवीय शक्ति का पूर्ण प्रयोग एवं रोजगार अवसरों में वृद्धि।

इस योजना की असफलता के तीन कारण हैं–

(i) 1962 ई. में चीन से युद्ध जिसके बाद नेहरू की मृत्यु हो गई।
(ii) 1965 ई. में पाकिस्तान से युद्ध
(iii) 1966 का भीषण सूखा। लाल बहादुर शास्त्री ने नारा दिया– जय जवान-जय किसान।

Note :– यह अबतक की सबसे असफल योजना रही है।

- इस योजना के बाद 3 साल तक कोई योजना नहीं बनी जिसे योजना अवकाश कहते हैं।

योजना अवकाश (Plan Holidays)

- वर्ष 1966 से 1969 के बीच चौथी योजना के प्रारूप के तहत ही तीन वार्षिक योजनाएं बनायी गई।
- वर्ष 1965 में भारत-पाक युद्ध, लगातार दो वर्षों का घोर सूखा, मुद्रा का अवमूल्यन, आम उपभोक्ता वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि तथा योजना के लिए संसाधनों में कमी के कारण चौथी पंचवर्षीय योजना को अंतिम रूप देने में देरी हुई।

➢ हरित क्रांति

- यह तीसरी पंचवर्षीय योजना के अंतिम समय में 1966 ई. में प्रारंभ हुई।
- विश्व में इसका जनक अमेरिकी वैज्ञानिक नॉरमन बोरलग को मानते हैं।
- भारत में हरित क्रांति के जनक एम.एस. स्वामी नाथन हैं। हरितक्रांति शब्द विलियम गार्ड ने दिया था।
- हरित क्रांति में उन्नत बीज High yield verity के प्रयोग को बढ़ावा दिया गया।
- हरित क्रांति में मोटे अनाज के उत्पादन पर जोर दिया गया। इसमें गेहूँ का उत्पादन बढ़ गया, जबकि धान के उत्पादन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा लेकिन वहीं दलहन एवं तिलहन का उत्पादन घट गया।
- हरित क्रांति का केन्द्र UP के शामली में था तथा इससे सर्वाधिक लाभ पंजाब को हुआ।

➢ द्वितीय हरित क्रांति

- इसमें अनुवांशिक रूप से वृद्धि किये गए फसल को बोते हैं। ऐसे फसलों को जेनेटेकिली मोडीफाई (G.M.) फसल कहते हैं।

चतुर्थ पंचवर्षीय योजना (1969–74)

- इस योजना का प्रारूप योजना आयोग के उपाध्यक्ष डी. आरगाडगिल ने तैयार किया है। मई, 1970 ई. में संसद में रखा।
- इस योजना का मूल उद्देश्य स्थिरता के साथ आर्थिक विकास और आत्मनिर्भरता की प्राप्ती था, किंतु यह योजना अस्थिर हो गई क्योंकि, इस दौरान प्रतिकुल मौसम से फसल बर्बाद हो गई।
- इसी योजना में 14 बैंकों का राष्ट्रीयकरण हुआ।
- परिवार नियोजन इस योजना का मुख्य लक्ष्यों में से एक था।
- ऑपरेशन फ्लड अथवा श्वेत क्रांति इसी योजना के समय में प्रारंभ की गयी थी।

अन्य प्रमुख उद्देश्य–

- राष्ट्रीय आय एवं रोजगार अवसरों में वृद्धि।
- आय एवं सम्पत्ति का समान वितरण तथा क्षेत्रीय असमानता में कमी करना।
- संतुलित विकास पर जोर देना।
- तीव्र गति से औद्योगिक विकास तथा अधारभूत एवं भारी उद्योग पर विशेष बल।

Note :– उड़ीसा में भीषण चक्रवात आ गए, 1971 ई. में बंग्लादेश युद्ध हो गया तथा शरणार्थी का संकट आ गया। जिस कारण यह योजना असफल हो गई।

पांचवीं पंचवर्षीय योजना (1974–78)

- इस योजना में पहली बार 'गरीबी हटाओ' का नारा तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के द्वारा दिया।
- इस योजना के दो प्रमुख उद्देश्य 'गरीब हटाओ' तथा 'आत्मनिर्भरता की प्राप्ति' थी।
- गरीबी हटाने के लिए वर्ष 1975 में 20 सूत्री कार्यक्रम लाया गया तथा इसी वर्ष 1975 में ग्रामीण बैंक की स्थापना की गई।
- 'काम के बदले अनाज कार्यक्रम' इसी योजना में प्रारंभ की गई।
- इस योजना को जनता पार्टी की सरकार ने समय से एक वर्ष पूर्व ही समाप्त घोषित कर दिया और इसके स्थान पर अनवरत योजना लाया गया।
- इस योजना में सार्वजनिक वितरण प्रणाली तथा न्यायपूर्ण श्रम शक्ति के विकास को महत्व दिया गया।

➢ अनवरत योजना [Rolling Plan (1978–80)]

- अनवरत योजना का प्रतिपादन गुन्नार मिर्डल द्वारा अपनी पुस्तक ''एशियन ड्रामा'' में किया था, जिसे जनता पार्टी की सरकार ने लाया।
- यह गांधीवादी मॉडल पर आधारित थी। इस योजना को DDT लकड़ावाला ने तैयार किया।

छठी पंचवर्षीय योजना (1980–85)

- इस योजना में औद्योगीकरण के साथ-साथ गरीबी निवारण तथा रोजगार सृजन पर विशेष बल दिया गया।
- जनता पार्टी की सरकार द्वारा पांचवी योजना को समय से एक वर्ष पूर्व ही समाप्त घोषित कर छठी योजना (1978-83) लायी परंतु इस दौरान जनता पार्टी की सरकार गिर गई और कांग्रेस पार्टी पुनः (1980 में) सत्ता में आई तो छठी योजना को पुनः व्यवस्थित कर 1 अप्रैल, 1980 से 31 मार्च, 1985 तक के लिए लागू किया।
- इसी दौरान 'मानक व्यक्ति वर्ष' को रोजगार मापने के लिए अपनाया गया।
- यह योजना अगत-निर्गत मॉडल पर आधारित थी। इसी योजना में एक कार्यदल ने 'गरीबी निर्देशांक' तैयार किया तथा गरीबी रेखा से ग्रामीण क्षेत्र में प्रति व्यक्ति 2400 कैलोरी तथा शहरी क्षेत्र में प्रति व्यक्ति 2100 कैलोरी के रूप में परिभाषित किया गया।

- छठीं योजना 15 वर्ष की दीर्घ अवधि को ध्यान में रखकर बनाई गई।
- अर्थव्यवस्था के आधुनिकीकरण को पहली बार छठीं योजना में अपनाया गया।

सातवीं पंचवर्षीय योजना (1985–90)

- इसे डॉ. चक्रवर्ति ने तैयार किया। इसमें गरीबी को परिभाषित किया गया।
- यह योजना दीर्घकालीन विकास युक्तियों पर जोर देते हुए उदारीकरण पर बल देने वाली थी।
- इस योजना का लक्ष्य अनाज के उत्पादन तथा रोजगार के अवसरों में वृद्धि, आधुनिकीकरण, आत्मनिर्भरता एवं सामाजिक न्याय की मूलभूत अवधारणाओं के तहत विकास करना था। 1989 में जवाहर रोजगार योजना प्रारंभ किया गया।

Note :– यह एक सफल योजना रही।

अन्य प्रमुख उद्देश्य–

- खाद्यान्न के उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि।
- एक स्वतंत्र एवं आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था के रूप में भारतीय अर्थव्यवस्था को स्थापित करना।
- ऊर्जा संरक्षण एवं गैर-परंपरागत ऊर्जा स्रोत्रों का विकास।

➢ **योजना अवकाश (1990-1992)**

- इस समय राजनीतिक अस्थिरता एवं आर्थिक संकट के कारण एक वर्षीय योजना बनाई गई। जिसमें अर्थव्यवस्था में निजी क्षेत्र की भूमिका को बढ़ाने पर बल दिया गया।

आठवीं पंचवर्षीय योजना (1992–97)

- यह योजना दो वर्ष की देरी से शुरू हुई क्योंकि 1991 में आर्थिक संकट थे।
- इस योजना को मनमोहन सिंह ने तैयार किया।
